**न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बेरमो, (तेनुघाट)**
**छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(क)/(ख) के अंतर्गत**
***परमिशन वाद संख्या 115 वर्ष 2023***

आवेदक–किसुन महतो
ग्राम–मंजूरा
थाना – कसमार जिला–बोकारो

क्रेता– छत्रु राम महतो
ग्राम–मंजूरा
थाना – कसमार जिला– बोकारो

| आदेश की क्र0 सं0 एवं तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। 03 |
|---|---|---|
| 13/12/23 | **आदेश**<br>यह वाद आवेदक किसुन महतो पिता स्व0 रामेश्वर महतो निवास ग्राम मंजूरा, थाना– कसमार जिला –बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवतः–<br>मौजा: मंजूरा; थाना न0: 98; खाता न0: 08; प्लॉट न0: 328; कुल रकबा: 82डी0; बिक्री रकबा: 16 डी0; भूमि दर्जा: टांड़ दो<br>को वे अपने आवश्यकता वश छत्रु राम महतो निवास ग्राम मंजूरा, थाना –कसमार जिला– बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 875/रा0, दिनांक 06.07.2023 के माध्यम से अंचल अधिकारी, कसमार से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।<br>निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, कसमार के पत्रांक 391 दिनांक 28.07.2023 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है किः–<br>05. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों कुर्मी जाति के सदस्य हैं जो पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते हैं। बिक्रेता एवं केता दोनों एक ही ग्राम मंजूरा, थाना–कसमार जिला–बोकारो का निवासी है।<br>06. बिक्री की जाने वाली भूमि का सर्वे खतियान में कनचन महतो के नाम से दर्ज है तथा जमाबंदी बिकेता के दादा बुधु महतो के नाम से पंजी–II के पृष्ठ सं0 88 भोलूम 1 में दर्ज है एवं लगान रसीद वर्ष 2022–23 तक निर्गत है।<br>07. जमाबंदीधारी रैयत से बिक्रेता का दादा का संबंध है। बिकी की जानेवाली भूमि बिकेता के हक व हिस्से के अन्तर्गत आता है एवं बिकेता का दखल कब्जा है।<br>08. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, गैरमजरूआ तथा सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है।<br>उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।<br>दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन कनचन महतो के नाम से सर्वे खतियान में दर्ज है तथा जमाबन्दी बुधु महतो के नाम चल रही है बिक्री वाली जमीन उसके हक हिस्से की जमीन है जिसे वे अपने आवश्यकता वश बेच रहे हैं।<br>क्रेता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखी है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं | C.C. Issued 04/01/24 |

है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैः–

03. बिक्रेता– सर्वे खतियान, लगान रसीद की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

04. क्रेता– आवासीय प्रमण पत्र की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी कसमार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों कुर्मी जाति के सदस्य हैं जो पिछडा वर्ग के अंतर्गत आते हैं तथा बिकेता एवं केता एक ही ग्राम, टोला, थाना एवं जिलान्तर्गत निवास करते हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हक हिस्से की जमीन है, जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक किसुन महतो पिता स्व0 रामेश्वर महतो निवास ग्राम मंजूरा, थाना कसमार जिला–बोकारो को निम्नांकित भूमि :–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न 0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उत्तर सीमा | द0 सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंजूरा, 98 | 08 | 328 | 82डी0 | 16डी0 | फुलचन्द महतो | गिरधारी महतो वगै0 | प्रकाश महतो वगै | रास्ता |
| कुल– 16 डी0 (सोलह डी0 जमीन मात्र) | | | | | | | | |

मो0 2,50,000/– दो लाख पचास हजार) रूपये या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनत्म भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता छत्रु राम महतो पिता कमल महतो निवास ग्राम मंजूरा थाना कसमार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बेरमो (तेनुघाट)।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बेरमो(तेनुघाट)।

Digitally signed by MUKESH MACHHUWA
Date: 2025.02.07 15:28:24 +05:30
Location: 10.93.6.142